दिन– मंगलवार दिनांक– 15/10/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।
अवधिः– 05 मिनट

निर्वाचन आयोग आज झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। आयोग नई दिल्ली में अब से थोड़ी देर बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा करेगा। झारखंड विधानसभा का कार्यकाल अगले साल पाँच जनवरी को समाप्त होगा जबकि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल अगले महीने की छब्बीस तारीख को समाप्त होने वाला है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार समेत अन्य राज्यों में तीन लोकसभा सीटों और सैंतालीस विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की भी घोषणा करने की उम्मीद है। बिहार में तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज विधानसभा सीटें खाली हैं।

————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव एनडीए के साथ ही लड़ेगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि सीटों के बंटवारे को लेकर भाजपा के साथ कोई मतभेद नहीं है। दोनों दलों के बीच बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जदयू की तैयारी ग्यारह सीटों पर उम्मीदवार देने की है।

————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज महाराष्ट्र के देवलाली और दानापुर के बीच नई विशेष ट्रेन को वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शेतकरी समृद्धि स्पेशल ट्रेन से देवलाली और दानापुर के किसानों तथा उपभोक्ताओं के बीच संपर्क बढेगा। श्री वैष्णव ने इस अवसर पर कहा कि यह ट्रेन एक हजार पांच सौ किलोमीटर की दूरी तय करेगी और इसमें किसान केवल चार रुपये प्रति किलोग्राम की दर से अपनी उपज ले जा सकेंगे।

———————————————————————

समस्तीपुर रेल मंडल ने मक्का लदान में एक नया कीर्तिमान बनाया है। मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष के पिछले छह महीने के दौरान मक्का लदान से एक सौ नौ करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति की है। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि नौ रेल प्वाइंट से दो सौ आठ रेक में बावन लाख टन से अधिक मक्का देश के अलग–अलग हिस्सों में भेजा गया।

———————————————————————

महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप गौरव यात्रा का आज पटना पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह की उपस्थिति में विभिन्न स्कूलों और एकलव्य विद्यालय के खिलाड़ियों ने गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। यह प्रतियोगिता ग्यारह नवम्बर से बीस नवम्बर तक राजगीर में आयोजित की जायेगी। यह गौरव यात्रा बिहार के सभी अड़तीस जिलों से होकर गुजरेगी। इसके अलावा यह पंजाब, हरियाणा, ओडिशा और झारखंड भी जायेगी।

———————————————————————

पछुआ हवा का प्रभाव बढ़ने के साथ ही प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी आयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीस अक्टूबर के बाद तापमान में और गिरावट का पूर्वानुमान है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौंतीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बेगूसराय राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक डॉक्टर ए पी जे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ए पी जे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति की सोच और दूरदृष्टि से देश को विकसित भारत

का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर डॉक्टर कलाम को श्रद्धांजलि दी जा रही है।

———————————————————————————

बक्सर जिले में बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले गंगा पुल के पास उत्पाद विभाग की टीम ने एक ट्रक से छब्बीस लाख रूपये मूल्य की शराब बरामद की है। ट्रक चालक और उपचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। मौके से पुलिस ने स्मैक खरीदने के आरोप में एक अन्य युवक को भी गिरफ्तार किया।

———————————————————————————

समाप्त